लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन चीन के संसदीय शिष्टमंडल से मुलाक़ात करेंगी।

नई दिल्ली, 14 जून, 2015 : लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन चीन जनवादी गणराज्य की नैशनल पीपलज कांग्रेस की स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमैन, महामहिम, श्री जांग डजिआंग के नेतृत्व में भारत की यात्रा पर आए चीनी संसदीय शिष्टमंडल से 15 जून, 2015 को संसद भवन में मुलाक़ात करेंगी।

स्मरण रहे कि **श्रीमती महाजन ने सितम्बर, 2014 में चीन के राष्ट्रपति, महामहिम, श्री शी जिनपिंग की भारत की तीन दिवसीय यात्रा के दौरान उनसे मुलाक़ात की थी और भारत और चीन के बीच संसदीय शिष्टमंडलों के नियमित आदान प्रदान की आवश्यकता पर जोर दिया था।** बाद में भी उन्होंने इस बात को दोहराया है कि भारत और चीन के सांसदों के बीच नियमित बातचीत से दोनों देशों को अपने बहुपक्षीय संबंधों की पूर्ण संभावनाओं का पता लगाने में मदद मिलेगी

हाल ही में श्रीमती महाजन ने जून, 2015 में जिनेवा में अंतर संसदीय संघ के संसदों के अध्यक्षों के चौथे विश्व सम्मेलन की तैयारी संबंधी समिति की तीसरी बैठक में भाग लिया और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार का आह्वान किया। उपर्युक्त पैनल की सदस्य, श्रीमती महाजन इस बैठक में भाग लेने वाली पहली ऐसी अध्यक्ष थीं, जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार का समर्थन किया। **एक और महत्वपूर्ण बात यह थी कि इस बैठक में भाग लेने वाले अन्य अध्यक्षों और उनके प्रतिनिधियों और विशेष रूप से चीन, रूस, जर्मनी, केन्या और यू.ए.ई. के प्रतिभागियों ने विश्व सम्मेलन की प्रारूप घोषणा में भारत द्वारा प्रस्तावित संशोधन का समर्थन किया** था ।

चीनी संसदीय शिष्टमंडल भारत के राष्ट्रपति, श्री प्रणब मुखर्जी; उप राष्ट्रपति, श्री मोहम्मद हामिद अंसारी; और प्रधान मंत्री, श्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाक़ात करेगा ।